दिन– गुरुवार                                                                                    दिनांक–14 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान समारोह में होंगे शामिल।

02. केन्द्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों की मनमानी रोकने के लिए जारी किये दिशा–निर्देश। कहा– कोचिंग संस्थान नौकरी देने जैसे झूठे दावे नहीं कर सकेंगे।

03. पटना के आसरा गृह में कथित तौर पर फूड प्वाइजनिंग से दो महिलाओं की मौत के मामले में जिलाधिकारी ने पांच सदस्यीय समिति गठित की।

04. और आज बाल दिवस है। राज्य के सभी पंचायतों में बाल सभा का किया जायेगा आयोजन। बच्चों को बाल अधिकार से जुड़ें विषयों की दी जायेगी जानकारी।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान समारोह में शामिल होंगे। इस आयोजन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत हो जाएगी। श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर आदिवासी समुदायों के उत्थान और क्षेत्र के ग्रामीण तथा दूरदराज इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक राशि की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश के सौ जिले और तीस राज्य वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने उम्मीदवारों और अभिभावकों को गुमराह होने से बचाने के लिए सभी कोचिंग संस्थानों को अपने छात्रों और पाठ्यक्रमों के बारे में आवश्यक और प्रासंगिक जानकारी देने संबंधी दिशा–निर्देश जारी किए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने विभिन्न कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए यह दिशा–निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

————————————————————————————

राजधानी पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आसरा गृह में कथित रूप से विषाक्त भोजन खाने से दो महिलाओं की मौत हो गयी है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने इस मामले की जांच के लिए एक पांच सदस्यीय दल का गठन किया है। उन्होंने बताया कि जांच दल ने प्रथम दृष्टया स्थल का निरीक्षण किया है और उसकी रिपोर्ट सौंपी है। जिलाधिकारी ने बताया कि आसरा गृह में रह रही महिलाओं और बच्चियों के स्वास्थ्य जांच के लिए एक मेडिकल टीम की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन ने स्थल का निरीक्षण किया है और खाद्य सामग्री तथा पानी का नमूना लिया है, जिसे जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। वहीं, समाज कल्याण विभाग के निदेशक विजय प्रकाश मीणा ने बताया कि आसरा गृह की अधीक्षक कुमारी अंशु समेत उन्नीस सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि आसरा गृह में खाने की सप्लाई करने वाली एजेंसी को भी नोटिस भेजा गया है। साथ ही उपनिदेशक की अध्यक्षता में एक तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की गयी है। इधर, बिहार बाल संरक्षण आयोग ने भी आसरा गृह में रहने वाली बच्चियों के भोजन और दवा की जांच विशेषज्ञों से कराने का आदेश दिया है। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के एक सप्ताह के फुटेज की जांच भी की जायेगी।

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि कार्यपालिका, व्यक्तियों की संपत्तियों को ध्वस्त करके उनके अपराध का निर्धारण करने में न्यायपालिका के रूप में काम नहीं कर सकती। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर न्यायालय ने कहा है कि उचित प्राधिकार के बिना किसी भी संपत्ति के विध्वंस को गलत समझा जाएगा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में सक्षमता परीक्षा पास एक लाख उनतालीस हजार शिक्षकों को बीस नवंबर को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे। वहीं, शेष शिक्षकों को प्रखंड और जिला स्तर पर नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार, पहली सक्षमता परीक्षा में एक लाख सत्तासी हजार शिक्षकों ने सफलता प्राप्त की है।

———————————————————————————

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा के लिए हरेक रेलगाड़ी में चार–चार जनरल कोच लगाये जायेंगे। श्री कुमार ने समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि दिसंबर तक सभी गाड़ियों में अतिरिक्त जनरल कोच लगा दिया जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————————————

सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक देव जी महाराज का पांच सौ पचपनवां प्रकाशोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना साहिब में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज पटना सिटी स्थित गुरु का बाग गुरुद्वारा से तख्त श्री हरिमंदिर साहिब तक नगर कीर्तन निकाला जा रहा है। इससे पहले कल प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में बड़ी प्रभात फेरी निकाली गयी थी। कल पन्द्रह नवम्बर को मुख्य समारोह का आयोजन होगा, जिसमें कीर्तन, प्रवचन और अरदास कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रकाशोत्सव में देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं।

————————————————————————————————

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कल गंगा सहित विभिन्न नदियों में पवित्र स्नान किया जायेगा। पटना शहर में विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये है। कल ही हरिहर क्षेत्र स्थित गंगा और गंडक के संगम पर भी स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी है। कार्तिक स्नान को देखते हुये नदियों में स्थानीय गोताखोरो, एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ के जवानों को भी तैनात किया गया है। पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रोक लगा दी है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि पटना नगर निगम ने घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था की है। बयालीस घटों पर दंडाधिकारियों को तैनात किया गया है।

————————————————————————————————

आज बाल दिवस है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर प्रतिवर्ष चौदह नवम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर बच्चों की शिक्षा, देखभाल और उनके अधिकारों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के मकसद से देशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इधर, लखीसराय जिले में तीन दिवसीय लखीसराय बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बिहार बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर अमरदीप ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर चौदह से बीस नवम्बर तक सभी जिलों में बाल अधिकार संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पंचायतों में बाल सभा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बाल अधिकार से जुड़ें विषयों की जानकारी दी जायेगी।

———बाईट———

————————————————————————————————

आज विश्व मधुमेह दिवस है। मधुमेह दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मधुमेह की रोकथाम, शीघ्र निदान, प्रभावी प्रबंधन और देखभाल तक समान पहुंच में व्यापक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को उजागर करने और लोगों को इस रोग के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से हर साल चौदह नवम्बर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मधुमेह दिवस का विषय– 'अवरोधों को तोड़ना और अंतरालों को कम करना' है।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राज्य में आंख की बीमारियों के इलाज के लिए शंकर नेत्रालय की शाखा खुलेगी। श्री मोदी ने कहा कि इस अस्पताल के खुलने के बाद स्थानीय लोगों को आंखों की बीमारियों के इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह अस्पताल पटना में खुलेगा।

———बाईट———

इधर, स्वास्थ्य विभाग के एक वरीय अधिकारी ने बताया कि शंकर नेत्रालय की टीम ने राजेन्द्र नगर स्थित अस्पताल का दौरा किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही नेत्रालय यहां काम करने लगेगा।

————————————————————————————

राजगीर में खेले जा रहे महिला एशियन चौंपियंस ट्रॉफी प्रतियोगिता में भारतीय टीम आज अपने तीसरे मैच में थाईलैंड से भिड़ेगी। यह मैच शाम पौने पांच बजे से खेला जायेगा। दो अन्य मैचों में दक्षिण कोरिया का मुकाबला मलेशिया से जबकि जापान का मुकाबला चीन से होगा।

————————————————————————————

बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आन्ध्र प्रदेश के विकास के लिए नीति आयोग के सदस्य रमेशचंद की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की एक बैठक हुई। बैठक में इन राज्यों को पूर्वोदय राज्य बताते हुये इसका प्रारूप तैयार करने पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा और योजना तथा विकास विभाग के सचिव के. सेंथिल कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। आयोग ने इन राज्यों के लिए मानव संसाधन विकास, आधारभूत संरक्षणा और अर्थिक गतिविधियों के तीन प्रक्षेत्र तय किये हैं। बैठक के बाद मुख्य सचिव श्री मीणा ने बताया कि बिहार विकास का रोड मैप बनायेगा और केन्द्र सरकार इसमें मदद देगी।

————————————————————————————

पर्यटन मंत्री नीतिश मिश्र ने तीन दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का पटना में उद्घाटन करते हुये कहा कि महाकवि विद्यापति की भूमि उगना भवानीपुर को

विकसित किया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने चौदह करोड़ अंठावन लाख रूपये की स्वीकृति दी है। इस मौके पर मैथिली साहित्य के विष्णुकांत मिश्र, संस्कृत साहित्य के लिए डॉक्टर तुला कृष्णा झा सम्मानित किया गया।

———————————————————————————

निगरानी की टीम ने नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी प्रशांत कुमार को पैक्स अध्यक्ष से पचास हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है–सोनपुर मेले के विकास के लिए बनेगा हरिहरनाथ कॉरिडोर।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– दरभंगा एम्स बनने से उपलब्ध होगी अच्छी चिकित्सा सेवा।

दैनिक भास्कर ने आईएएस अधिकारी संजीव हंस के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई पर लिखा है– हंस, गुलाब को सहयोग करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान समारोह में होंगे शामिल।

02. केन्द्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों की मनमानी रोकने के लिए जारी किये दिशा–निर्देश। कहा– कोचिंग संस्थान नौकरी देने जैसे झूठे दावे नहीं कर सकेंगे।

03. पटना के आसरा गृह में कथित तौर पर फूड प्वाइजनिंग से दो महिलाओं की मौत के मामले में जिलाधिकारी ने पांच सदस्यीय समिति गठित की।

04. और आज बाल दिवस है। राज्य के सभी पंचायतों में बाल सभा का किया जायेगा आयोजन। बच्चों को बाल अधिकार से जुड़ें विषयों की दी जायेगी जानकारी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।